क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान, अजमेर

सूचना

No. RIEA/AKAM/HGTC/2022/

विषयः– **हर घर तिरंगा अभियान (Har Ghar Tiranga campaign) के सम्बन्ध में ।**

संदर्भः– राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसन्धान और प्रशिक्षण परिषद, नई दिल्ली का पत्र क्र. फा.सं. 5–3/2022/ई.सी./4649–4670 दिनांक 13.07.2022 एवं फा.सं.5–3/2022/ई.सी./4738–4760 दिनांक 15.03.2022।

भारत की आजाद्री के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में देश में आजादी का अमृत महोत्सव मनाया जा रहा है। यह अभियान भारत के लोगों को समर्पित है जिनकी भागीदारी से ही देश सफलता के पथ पर अग्रसर हो पाया है।

देश का प्रत्येक नागरिक आजादी के जश्न को उमंग और उत्साह से मना रहा है। "हर घर तिरंगा अभियान" भी इसी के तहत किया गया एक सराहनीय प्रयास है।

इस अभियान का उद्देश्य देश में देशभक्ति का वातावरण बनाना एवं सामाजिक सौहार्द्र को बढ़ावा देना है। इस अभियान के तहत स्वतंत्रता सप्ताह 11 से 17 अगस्त 2022 तक मनाया जाना है। इसके तहत अधिक से अधिक लोगों को अपने घरों पर तिरंगा फहराने के लिए प्रेरित किया जाना है।

अतः सभी अपनी भागीदारी निभाएँ एवं अन्य लोगों को भी इस पुनीत एवं राष्ट्रीय गौरव के कार्य हेतु जागरूक करें।

अधिष्ठाता